नैक द्वारा प्रत्यायित श्रेणी "बी"
# महाराणाप्रतापस्नातकोत्तरमहाविद्यालय
## जंगल धूसड़-गोरखपुर
मो. : 7897475917, 9794299451
Website: www.mpm.edu.in
E-mail : mpmpg5@gmail.com
स्थापित २००५ ई.

पत्रांक : ..................

दिनांक 12.10.2018

## प्रकाशनार्थ

महाराणा प्रताप पी0जी0 कालेज, जंगल धूसड़, गोरखपुर में डॉ0 राम मनोहर लोहिया की पुण्यतिथि के अवसर पर वाणिज्य विभाग के प्रवक्ता डॉ0 राजेश शुक्ल ने कहा कि राम मनोहर लोहिया मौलिक विचारक व प्रभाव पूर्ण वक्ता थे। बिखरे हुए समाज को एकता के सूत्र में पिरोने का महती कार्य लोहिया जी ने किया। लोहिया जी भारत के स्वतंत्रता संग्राम के प्रमुख स्वतंत्रता सेनानियों में से एक थे, वे सभी की बराबरी मे यकीन करते थे और भारत की जाति प्रथा के प्रखर विरोधी थे। आजादी के बाद उन्होंने खुलकर पंडित जवाहरलाल नेहरू की नीतियो का विरोध किया।

लोहिया एक परम एवं विशिष्ट देशभक्त थे। उन्होंने समाज में व्याप्त व प्रचलित सामाजिक अन्याय के खिलाफ कठिन संघर्ष किया। लोहिया जी की अद्वितीय उपलब्धियाँ इस रूप में क्रमिक व सुव्यवस्थित थीं कि भारत मे समाजवादी आन्दोलन का एक रास्ता प्रखर हुआ व पूरी जिन्दगी वे भी उसी तरह अपना योगदान देते रहे। लोहिया ने जून 1946 में गोवा को स्वतंत्र कराने के लिए एक आन्दोलन का सूत्रपात किया। विश्व बन्धुत्व व भाईचारे में उनकी अगाध श्रद्धा थी।

इस अवसर पर डॉ0 महेन्द्र प्रताप सिंह, श्री सुबोध मिश्र, डॉ0 गौरव सिंह, डॉ0 रमाकान्त दूबे, डॉ0 वेंकट रमन, सुश्री पल्लवी नायक, सुश्री शालू श्रीवास्तव, डॉ0 पी0के0 शाही, डॉ0 हनुमान प्रसाद उपाध्याय सहित शिक्षक, विद्यार्थी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

(डॉ0 राजेश शुक्ला)
सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी